# जन्माष्टमी के अवसर पर कोटा से मथुरा के मध्य तीन-तीन ट्रिप चलेगी स्पेशल ट्रेन

जबलपुर 13 अगस्त। रेल प्रशासन द्वारा जन्माष्टमी त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्री भीड़ को कम करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 02081/02082 कोटा-मथुरा-कोटा के मध्य सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में 03-03 ट्रिप संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल ट्रेन में शयनयान श्रेणी के कोचेस रहेंगे। यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में इन्द्रगढ़ सुमेरगंजमण्डी, सवाई माधोपुर, गंगापुरसिटी, श्री महावीरजी, हिंडौनसिटी, बयाना एवं भरतपुर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है।

**कोटा-मथुरा-कोटा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन :-**

**गाड़ी संख्या 02081 कोटा से मथुरा स्पेशल ट्रेन दिनांक 15, 16 एवं 17 अगस्त 2025 को** कोटा स्टेशन से सुबह 08:45 बजे प्रस्थान कर, इन्द्रगढ़ सुमेरगंजमण्डी (09:38/09:40), सवाई माधोपुर (10:08/10:10), गंगापुर सिटी (10:58/11:00), श्री महावीरजी (11:23/11:25), हिंडौनसिटी (11:35/11:37), बयाना (12:05/12:07), भरतपुर (12:43/12:45) होते हुए दोपहर 14:10 बजे मथुरा स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार **गाड़ी संख्या 02082 मथुरा से कोटा स्पेशल ट्रेन दिनांक 15, 16 एवं 17 अगस्त 2025 को** मथुरा स्टेशन से सायं 16:15 बजे प्रस्थान कर, भरतपुर (16:43/16:45), बयाना (17:13/17:15), हिंडौनसिटी (17:38/17:30), श्री महावीरजी (17:50/16:52), गंगापुरसिटी (18:30/18:32), सवाईमाधोपुर (19:13/19:15), इन्द्रगढ़ सुमेरगंजमण्डी (19:42/19:44) होते हुए रात 21:10 बजे कोटा पहुंचेगी।

रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/297/2025 दिनांक 13.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर